सभी राष्ट्रमंडल सदस्य देशों के नाम की सूची

राष्ट्रमंडल क्या है या किसे कहा जाता है?

राष्ट्रकुल या राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ ऑफ नेशंस) 53 स्वतंत्र देशों का एक अंतरसरकारी संगठन है। यह संगठन उन देशों का समूह है जो कि कभी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे। राष्ट्रमंडल का मुख्यालय लंदन (ब्रिटेन) में स्थित है। हालाँकि मोज़ाम्बिक और रवांडा कभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम नही रहे हैं फिर भी वे राष्ट्रमंडल के सदस्य हैं, इसके उलट संयुक्त राज्य अमेरिका जो कि कभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन था परन्तु वह राष्ट्रमंडल का सदस्य नही है। इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र, साक्षरता, मानवाधिकार, बेहतर प्रशासन, मुक्त व्यापार और विश्व शांति को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रमंडल की स्थापना कब हुई थी?

28 अप्रैल 1949 को आठ देशों ने मिलकर आधुनिक कॉमनवेल्थ की स्थापना की थी। ये देश थे; यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान।

राष्ट्रमंडल का क्या काम है?

राष्ट्रमंडल का मुख्य लक्ष्य सभी राष्ट्रमंडल नागरिकों के हितों की रक्षा करना, उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयास करना और उनके मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाना है। राष्ट्रमंडल की कार्यकारी भाषा अंग्रेजी है। जिन देशों में भारत के दूतावास नही हैं और वहां किसी भारतीय नागरिक को किसी प्रकार की मदद की जरूरत है तो वह (भारत के राष्ट्रमंडल का सदस्य होने के कारण) उस देश में मौजूद ब्रिटेन के दूतावास से मदद मांगने के लिए अधिकृत है।

राष्ट्रमंडल की कुल जनसंख्या लगभग 2.4 बिलियन है, जिसमें विकसित और विकासशील दोनों प्रकार के देश शामिल हैं। राष्ट्रमंडल के 30 सदस्य छोटे देश हैं, जिनमें से कई द्वीप राष्ट्र हैं। जिसमें अफ्रीका महाद्वीप से सबसे अधिक 19 देश हैं इसके बाद उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप से 13, प्रशांत क्षेत्र से 11 , एशिया महाद्वीप से 07 और यूरोप महाद्वीप से सबसे कम केवल 03 देश शामिल हैं।

राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन 2018:

राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन 2018 का आजोयन अप्रैल 2018 में लंदन में किया गया था। शिखर सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के नेता भाग लिया था। शिखर सम्मेलन का विषय 'Towards a Common Future' है। इस द्विवार्षिक आयोजन में 53 राष्ट्रमंडल देशों के प्रतिनिधियों हिस्सा लिया था। राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन प्रत्येक दूसरे वर्ष होता है। 2018 चोगम में ब्रिटेन समूह के प्रमुख की जिम्मेदारी लेगा और वह इस समूह का 2020 तक प्रमुख रहेगा। इससे पहले ब्रिटेन ने 1997 में चोगम की मेजबानी की थी। सम्मेलन के आयोजन स्थल के रूप में पहली बार महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आधिकारिक आवास बकिंगम पैलेस एवं विंडसर कैसल का चयन किया गया है।

सभी राष्ट्रमंडल सदस्य देशों की सूची: (List of Commonwealth Countries)

एशियाई देश:

- भारत (1947)
- बांग्लादेश
- ब्रुनेई दारुस्सलाम
- मलेशिया (1957)
- पाकिस्तान
- सिंगापुर
- श्रीलंका (1948)

अफ्रीकी देश:

- बोत्सवाना
- कैमरून (1995)
- गाम्बिया
- घाना (1957)
- केन्या
- लेसोथो
- मलावी
- मॉरीशस

- मोजाम्बिक (1995)
- नामीबिया (1990)
- नाइजीरिया
- रवांडा
- सेशेल्स
- सियरा लिओन
- दक्षिण अफ्रीका
- स्वाजीलैंड
- युगांडा
- संयुक्त गणराज्य तंजानिया
- जाम्बिया

अमेरिकी देश

- अंतिगुया और बार्बूडा
- बहामास
- बारबाडोस
- बेलीज
- कनाडा
- डोमिनिका
- ग्रेनेडा
- गुयाना
- जमैका
- सेंट किट्ट्स & नेविस
- सेंट लूसिया
- संत विंसेंट & डी ग्रेनडीनेस
- त्रिनिदाद और टोबैगो

यूरोपीय देश:

- साइप्रस
- माल्टा
- यूनाइटेड किंगडम

पैसिफिक देश:

- ऑस्ट्रेलिया
- फ़िजी आइलैंड्स
- किरिबाती
- नाउरू (2000)
- न्यूजीलैंड
- पापुआ न्यू गिनी
- समोआ
- सोलोमन आइलैंड्स
- टोंगा